SAMAGRA SHIKSHA, KERALA

तृतीय कालांत योगात्मक आकलन 2025-2026

909 **A**

SUMMATIVE ASSESSMENT III

Time : 90 Minutes
Cool off time : 15 Minutes

Third Language
HINDI

Standard : IX
Score : 40

सूचना : 'झटपट और नटखट' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।

"अरे, छोटे, हम दोनों के कपड़े भीग गए हैं। हमें भीगे कपड़ों में देख माँ पूछेंगी, तो क्या कहेंगे?" "हाँ बड़े! अब?" नटखट ने एक पल सोचा और बोला, "आओ, दौड़ लगाते हैं। कपड़े अपने-आप सूख जाएँगे।" "हाँ, यह ठीक है।"

1. दोनों भाइयों के कपड़े कैसे भीग गए ? 1

(क) बारिश में खेलने से (ख) नदी में डूबने से
(ग) नाले में खेलने से (घ) तालाब में तैरने से

2. कहानी के इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

सूचना : 'कब तक?' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 3 और 4 के उत्तर लिखें।

कब तक जोहते रहोगे
अवतारों के आगमन की बाट
कि हो सके
तुम्हारा उद्धार
क्यों करेगा कोई तुम्हारी
व्यथा का निराकरण
अपनी व्यथा बढ़ाने के लिए।

3. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) तुम्हारी = तुम + के
(ख) तुम्हारी = तुम + का
(ग) तुम्हारी = तुम + को
(घ) तुम्हारी = तुम + की

4. समान आशय वाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

अपना दुख बढ़ाते हुए तुम्हारा दुख दूर करने को कोई भी तैयार नहीं होगा।

सूचना : 'जब गांधीजी की घड़ी चोरी चली गई' लेख का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 5 और 6 के उत्तर लिखें।

> श्रीमती माउण्टबेटन ने इसका सारा ज़िम्मा खुद ले लिया। गर्मियों के दिन थे। जिस कमरे में गांधीजी को बिठाना था, उसे एक घंटा पहले से रूम कूलर चलाकर पूरी तरह ठंडा कर लिया गया। उस ज़माने में पूरे हिंदुस्तान में एक ही रूम कूलर था।

5. नीचे दिए प्रस्ताव पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(i) अंतिम वायसराय ने गांधीजी को चाय पर बुलाया।

(ii) गांधीजी ने वायसराय की दावत का इनकार किया।

(iii) श्रीमती माउण्टबेटन ने चाय पार्टी का दायित्व ले लिया।

(iv) गांधीजी की घड़ी बस में चोरी चली गई।

(क) i और ii सही हैं। (ख) iii और iv सही हैं।

(ग) i और iii सही हैं। (घ) ii और iv सही हैं।

6. श्रीमती माउण्टबेटन की उस दिन की संभावित **डायरी** लिखें। 4

अथवा

चाय पार्टी के बारे में बताते हुए अपने मित्र के नाम श्रीमती माउण्टबेटन का **पत्र** कल्पना से लिखें।

सूचना : 'राजा और विद्रोही' नाटक का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 7 और 8 के उत्तर लिखें।

> राजा : सेनापति बनने के बाद से अभी तक तुमने किसी लड़ाई की तैयारी नहीं की है।
>
> सेनापति : महाराज किससे लड़ें? कोई दुश्मन तो है ही नहीं।
>
> राजा : दुश्मन नहीं है? तो फिर दुश्मन बनाओ। तुम्हें खजाने से अच्छे खासे पैसे मिलते हैं और तुम्हारे सैनिक खाली बैठे-बैठे उकता रहे हैं। अगर बाहरी दुश्मन उन्हें न मिले तो किसी दिन वे मुझपर ही हमला करने आ जाएँगे।

7. वाक्य विस्तार करें। 3

(दुश्मनों से, बाहरी, लड़ाई की)

सेनापति ने तैयारी की।

.....................................।

....।

....।

8. मान लें, मार्च 27 को 'विश्व नाटक दिवस' के अवसर पर आपके स्कूल में 'राजा और विद्रोही' नाटक का मंचन होने वाला है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

सूचना : 'घर, पेड़ और तारे की याद' लोककथा का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।

> एक शाम जब वे बहुत थके हुए थे, तो उन्होंने कुछ जली हुई इमारतों को देखा। उनके पास ही एक नया फार्म हाउस बना था। रसोई के दरवाज़े के बाहर एक लड़की सब्जियाँ छील रही थी। "क्या हमें खाने के लिए कुछ दे सकती हैं?" भाई ने पूछा। लड़की ने जवाब दिया, "हाँ, आओ। माँ रसोई में हैं। वे ज़रूर तुम्हें कुछ देंगी। "

9. भाई और बहन फ़ार्म हाउस में क्यों आए होंगे ? 2

10. लोककथा के इस प्रसंग में फ़ार्म हाउस की लड़की और भाई के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

अथवा

अपने फ़ार्म हाउस में आए भाई-बहन के बारे में लड़की और माँ के बीच की **बातचीत** कल्पना करके लिखें।

सूचना : 'फुटबॉल के दिल का राजा' लेख का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 11 और 12 के उत्तर लिखें।

> फुटबॉल की लोकप्रियता पेले की ख्याति के साथ दुनिया भर में फैली। और यह सब उन्होंने तब किया जब अफ्रीकी मूल के काले वर्ण के लोगों का दुनिया भर में अपमान होता था। उन्हें कमतर आँका जाता था।

11. 'ख्याति' शब्द का समानार्थी शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) समृद्धि   (ख) प्रसिद्धि

(ग) वृद्धि   (घ) शुद्धि

12. संकेतों की मदद से पेले की **जीवनी का अंश** लिखें। 3

पूरा नाम	: एडसन अरांतेस डो नासिमेंटो
जन्म	: 23 अक्तूबर, 1940 को ब्राज़ील के मिनास गेराइस में
विशेषता	: तीन विश्व कप जीतने वाला खिलाड़ी
मृत्यु	: 29 दिसंबर, 2022 को 82 वर्ष की आयु में

OXFORD

सूचना : 'बोनज़ाई' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।

तुमने आँगन से खोदकर
मुझे लगा दिया सुंदर गमले में
फिर सजा लिया घर के ड्राइंग रूम में
हर आने जाने वाला बड़ी हसरत से देखता है
और धीरे-धीरे मैं बोनज़ाई में तब्दील हो गई

13. मेहमान लोग ड्राइंग रूम में बोनज़ाई को आश्चर्य से क्यों देखते होंगे ? 2

14. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

अथवा

कवितांश के आधार पर विश्लेषणात्मक **टिप्पणी** लिखें।

सूचना : नीचे दिए खंड पढ़ें, प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें।

पर्यावरण को बचाना हम सबका दायित्व है। प्रकृति से प्यार करने वाले प्लास्टिक के उपयोग पर नियंत्रण रखते हैं और हरियाली बढ़ाने के लिए छोटे-बड़े पौधे लगाते हैं। हमें अपने आसपास को साफ़ और स्वच्छ रखना है। प्रकृति को अपना घर मानकर सभी जीवों का सम्मान करना अनिवार्य है।

15. (क) नमूने के अनुसार लिखें। 2

लड़का पौधे लगाता है।	**लड़का पौधे लगाएगा।**
लड़के पौधे लगाते हैं।	....

(ख) **विशेषण** शब्द चुनकर लिखें।

हरियाली बढ़ाने के लिए छोटे-बड़े पौधे लगाते हैं।

16. प्रकृति के संरक्षण करने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए? 2

■

OXFORD